RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster




YOUNGSTER · ESTABLISHED 2004 · NEW DELHI · MAY 2019 · PAGES 8 · PRICE 1/- · MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

## प्रधानमंत्री मोदी की जीत के साथ नए भारत का उदय



भारत में हुए संसदीय चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत हुई है. जीत की इस राह पर उन्होंने भारत को पूरी तरह बदल दिया है यह भारतीय राजनीति में एक नए काल की शुरुआत है। चुनाव में संघर्ष एक पदासीन प्रधानमंत्री और उन्हें चुनौती दे रहे युवा विपक्षी नेता के बीच था. संघर्ष राष्ट्रवाद की ताकतों और क्षेत्रीयतावाद तथा जातिवाद के बीच था. और ये संघर्ष दृष्टिकोणों के बीच था। भावी भारत की कल्पना का. नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे राजनीतिक हुनर के उस्ताद हैं । चाहे भाषणबाजी हो, सोशल मीडिया का इस्तेमाल या राजनीतिक बहस में मुद्दों को तय करना, दूसरों से मीलों आगे रहने की कला भारतीय राजनीति में उनसे बेहतर इस समय और कोई नहीं जानता ।

जिन लोगों ने सोचा था कि चुनाव में भारतीय उद्योग की स्थिति, रिकॉर्ड बेरोजगारी, किसानों की दुरावस्था या छोटे कारोबारियों पर नोटबंदी का असर अहम भूमिका निभाएगा, उन्हें चुनाव नतीजों ने राजनीतिक प्रचार और वोटरों के फैसले की विद्या में दूसरा सबक सिखाया है। नरेंद्र मोदी ने सात चरणों में हुए चुनावों में हर बार नए मुद्द उठाकर मतदाताओं का ध्यान रोजमर्रा की समस्याओं से हटाकर बाहरी खतरों, आंतरिक सुरक्षा और उनकी सरकार की सुरक्षा देने की क्षमता की ओर लाने में कामयाबी पाई। इससे पहले सुरक्षा बलों का चुनाव के दौरान इस पैमाने पर राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हुआ था। नरेंद्र मोदी ने सात चरणों में हुए चुनावों में हर बार नए मुद्दे उठाकर मतदाताओं का ध्यान रोजमर्रा की समस्याओं से हटाकर बाहरी खतरों, आंतरिक सुरक्षा और उनकी सरकार की सुरक्षा देने की क्षमता की ओर लाने में कामयाबी पाई. इससे पहले सुरक्षा बलों का चुनाव के दौरान इस पैमाने पर राजनीतिक इस्तेमाल नहीं हुआ था । भारत के मतदाता अत्यंत राजनीतिक हैं। आमतौर पर सामंतवादी समझे जाने वाले समाज में उनका क्षेत्रीय या जातिवादी रुख भी राजनीति से प्रेरित होता है मोदी ने इन संबंधों और रवैयों की रीढ़ तोड़ दी है । पिछले चुनावों में उन्होंने विकास के नाम पर इसे कमजोर किया और अब राष्ट्रीय सुरक्षा और हिंदुत्व को चुनाव प्रचार में राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय अस्मिता के साथ जोड़कर उन्होंने उन मुद्दों को निष्प्रभावी कर दिया है।

इस बार के चुनाव नतीजे विपक्षी दलों के लिए लोकतंत्र का पाठ हैं. उन्होंने लोकतांत्रिक संगठन बनाने और महिलाओं तथा युवाओं को आकर्षित करने के बदले अपने नेताओं को केंद्र में रखा और उनके नाम पर समर्थन जीतने की कोशिश की। कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में गरीबी से लड़ने और एक अलग भारत बनाने के नाम पर समर्थन जुटाने की कोशिश की लेकिन नतीजे दिखाते हैं कि वे विफल रहे ।

स्वतंत्र आधुनिक भारत के निर्माता जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी लगातार दूसरी बार बहुमत से चुनाव जीतने वाले दूसरे प्रधानमंत्री हैं। यह चुनाव जीतकर उन्होंने न सिर्फ अपनी पार्टी बीजेपी का भाग्य बदला है, उन्होंने भारतीय मतदाताओं के सोचने का रवैया भी बदला है और बहुत से लोगों को ये समझाने में कामयाब रहे हैं कि हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी हिंदू बहुल भारत के हितों की रक्षक है। आज के बाद दुनिया का सामना हिंदू बहुमत वाले एक मजबूत भारत से होगा. यह पाकिस्तान और चीन के लिए विदेश नीति के विकल्पों को मुश्किल बनाएगा। मोदी की विशाल जीत के बावजूद पश्चिमी देशों के प्रति भारतीय विदेश नीति के बदलने के आसार नहीं हैं, लेकिन दक्षिण एशिया और प्रशांत में भारत के आक्रामक तेवर दिख सकते हैं। मोदी की जीत विश्व के एक और पॉपुलिस्ट नेता की जीत है, जिसका विश्व व्यवस्था पर भी गंभीर असर होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत का जोश जब खत्म होगा तो मोदी खुद को पुरानी चुनौतियों के सामने पाएंगे. लाखों युवा बेरोजगारों के लिए नए रोजगारों के सृजन और देहात बहुल भारत को विकसित औद्योगिक राष्ट्र बनाने की चुनौती. मोदी सरकार के पिछले पांच वर्षों ने साफ तौर पर दिखाया है कि आर्थिक और सामाजिक विकास शांति और सहिष्णुता के माहौल में ही संभव है. नई सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अल्पसंख्यक समुदायों को सुरक्षा की भावना देने, प्रेस स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने और समाज को और लोकतांत्रिक बनाने की होगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जीत के साथ अपनी सत्ता तो पुख्ता कर ली है, अब उन्हें ये साबित करना है कि वे इस भरोसे के पूरे हकदार हैं.

*आतिश कुमार*

## The plastic crisis isn't just ugly it's fueling global warming

Plastic, as we know, is everywhere. In waterways, in animals, even in our food. As if that isn't bad enough, a new report shows it's also accelerating global warming. Stopping climate change also means curbing plastic. People are more aware than ever that plastic one of the most ubiquitous products in the global economy is not good for the environment. It trashes the ocean, harms wildlife and even ends up in our food and hurts human health. But here is something you might not know: the plastic industry is the second largest and fastest-growing source of industrial greenhouse gas emissions, and 99% of what goes into plastic is derived from fossil fuels. It's a byproduct of oil, coal and gas and a key contributor to CO2 emissions, as highlighted in a new report from the Center of International Environmental Law (CIEL). If the expansion of petrochemical and plastics production continues as currently planned, the report outlines that by 2050 plastic will be responsible for 10 to 13% of the total "carbon budget" which is the amount of CO2 we can emit globally and still remain below a 1.5 degree Celsius temperature rise. Plastic's hastening of global warming is not often linked to its environmental footprint. Here are five things to know about the role plastic plays in climate change.

**1. Most plastic comes from fossil fuels**

Plastics are effectively a byproduct of fossil fuel extraction. Almost all plastic, the CIEL researchers found, including resins, fibers and additives is derived from fossil fuels. The materials used to make plastic, like ethylene and propylene, come from oil, gas and coal. As Carroll Muffett, lead author of the CIEL report, points out, producing plastic is how the fossil fuel industry is able to "take what would otherwise be a waste stream and turn it into a profit stream."

**2. Production, usage, disposal: all add greenhouse gases**

Each stage in the "plastic life-cycle" produces greenhouse gas emissions, the researchers found. This includes: The extraction and transportation of fossil fuels used to formulate plastic, its refinement and manufacture, the managment of plastic waste and its disposal.

In 2019 alone, researchers estimate that the production and incineration of plastic will contribute more than 850 million tons of greenhouse gases to the atmosphere. Incineration is particularly harmful, and is the number one driver of emissions from plastic waste management.

Over the next 10 years, the report projected that emissions from the plastics lifecycle could reach 1.34 gigatons per year equivalent to the emissions from more than 295 500-megawatt coal-fired power plants operating at full capacity.

**3. Production is actually increasing**

Although in Germany, for example, plastic production decreased by 3.1 percent in 2018 (mostly due to a slump in the demand for cars) and parts of the world have introduced plastic bans, it's on the rise worldwide. Part of the reason for this is that many of the companies that manufacture plastic resins are the same companies that manufacture oil and gas: Mobil, Shell, Chevron, and Total, for example. That the oil industry is propping up plastics at a time when the world is slowly phasing out fossil fuel-powered energy is no coincidence, Muffett points out."As they see the world moving away from an energy economy based on oil and gas, these companies are increasingly relying on a shift into plastics and other petrochemicals for their long-term business strength," And although the UN has just introduced global rules to stop unrestricted plastic waste exports, which Muffett says will make it harder for many countries to hide their plastic waste problem, he adds there is still a lot of room for removing unnecessary plastic from people's lives in the first place.

**4. Plastic litter could impact the oceanic carbon sink**

By now, plastic is virtually inescapable throughout every corner of the globe. It's now been found in the deepest place on earth the Mariana Trench on the deepest dive ever made by a human inside a submarine, nearly 11 kilometers (about 7 miles) below sea level.

And early research shows it could have an impact on the oceanic carbon sink. There's increasing evidence, the CIEL researchers found, of microplastic being consumed by plankton. These creatures not only "form the base of the oceanic carbon chains," but also provide the "single most important mechanism for absorbing atmospheric carbon and transporting it to deep-ocean carbon sinks," the report said. The world's oceans provide the largest natural carbon sink for greenhouse gases, having absorbed 30-50 percent of atmospheric CO2 produced since the start of the industrial era. If microplastics were to disrupt the ability for underwater ecosystems to absorb carbon, it could seriously compromise efforts to stop global warming.

**5. 'We can't recycle our way out of the plastic crisis'**

The production and proliferation of plastic is deeply industrialized. It's cheap, sturdy and lightweight, and has transformed the way we consume. That's why eliminating plastic requires some big changes. Rick Stafford, professor of marine biology from the University of Bournemouth, says battling climate change and the plastic crisis requires a re-thinking of the capitalist mindset of over consumption. "We're using too much, whether that's fossil fuels or whether that's just stuff which is made out of plastic. And that's a change more people will have to grasp," he told DW. But as Muffett points out, plastic is also a robust business model for big corporations. This doesn't mean there is no point in trying to cut down the plastics we use on a daily basis the CIEL report lists zero-waste communities as a high-impact strategy to stop plastic's climate change affect but it does require change on an industrial scale. "We encourage people to do what you can to get unnecessary plastics out of your own lives, but don't be fooled that those individual actions alone will be sufficient to address this problem." We won't "be able to recycle our way out of the plastics crisis," Muffett said.

*-Anurag Mishra*

संपादक की कलम से

# युवाओं का देश होने के बाद भी खुशहाली के मामले में पिछड़ता भारत

ख्ुशी किसी भी देश व स्वस्थ समाज के विकास का आवश्यक गुण होता है। लोगों के चेहरे पर खुशी का भाव और गमों का अभाव ही किसी देश व समाज की संपन्नता और समृद्धि की ओर संकेत करता है। विकास का अर्थ भी लोगों की खुशी से ही है। खुशी के बिना विकास अधूरा है। खुशी जैसे परम आनंद को खरीदा नहीं जा सकता है बल्कि वह अच्छाई और बेहतरी की राहों से स्वतरू ही चला आता है। हमें खुश रहना फिनलैंड से सीखना चाहिए। जिसने दूसरी बार वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में पहला पायदान हासिल कर अपने देश के सबसे खुशनुमा होने की सार्वजनिक घोषणा कर दी है। लेकिन भारत के लिए यह रिपोर्ट खुशी देने वाली नहीं है। भारत लगातार वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में लुढ़कता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास समाधान नेटवर्क द्वारा कुल 156 देशों को लेकर तैयार की गई इस रिपोर्ट में भारत का स्थान 140वां है। जबकि पिछली साल भारत का स्थान 133वां था। यानी की भारत एक साल के अंतराल के साथ सात कदम पीछे चला गया है। गौरतलब है कि खुशहाली का आकलन छह बिंदुओं के आधार पर तय किया जाता है। इनमें आमदनी, स्वास्थ्य, जीवन प्रत्याशा, सामाजिक समर्थन, स्वतंत्रता, विश्वास और उदारता जैसे मानवीय तत्व शामिल हैं। आखिर क्या कारण है कि भारत विश्व की छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बाद भी अपने लोगों को खुशी नहीं दे पा रहा है। नेताओं के द्वारा देश के विकास व जन जीवन के सुधार की घोषणाओं व भाषणों के बाद भी लोगों को खुशी हासिल क्यों नहीं हो पा रही हैं। देश के विकास व तरक्की को लेकर यह बड़ा सवाल है। फिनलैंड के सबसे ज्यादा खुश रहने की वजह वहां की बेहतर स्वास्थ्य सेवा, अच्छी शिक्षा, मजबूत सामाजिक ढांचा, मानवीय विकास व सुविधाएं, सुशासन व ईमानदार पुलिस प्रशासन है। कुल 55 लाख की जनसंख्या वाले फिनलैंड देश में लोग एक–दूसरे के प्रति कई ज्यादा भरोसामंद हैं। जबकि इसकी तुलना में भारत की स्थिति काफी हद तक अलग–थलग है। भारतीय समाज आज भी तनाव में जीवन बसर कर रहा है। हमारी सामाजिक संरचना कमजोर होती जा रही है। वस्तुतरू लड़ाई–झगड़े की घटनाओं में वृद्धि इसका परिणाम है। आजादी के सात दशक बाद भी देश में एक बड़ी आबादी रोटी, कपड़ा और मकान के लिए तरस रही हैं। महिला सुरक्षा और युवा रोजगार जैसी समस्याएं देश का सुख–चौन छीन रही हैं। वहीं बढ़ती जनसंख्या हमारे विकास की योजनाओं पर पानी फेरने का काम करने के साथ ही देश को पीछे धकेल रही है। सच्चाई तो यह है भारत जैसे देश में जहां अब भी एक अरब की आबादी स्वच्छ पानी के लिए संघर्षरत है वहां खुशी के मामले में पीछे खिसकना तो स्वाभाविक है। किसी भी देश में भौतिक प्रगति और आर्थिक समृद्धि का प्रत्यक्ष संबंध व्यक्ति की प्रसन्नता से होता है। लेकिन हमारे देश में अजब किस्म का विरोधाभास दिखता है। विचारणीय है कि श्सबका साथ–सबका विकासश का दावा करने वाली सरकार के शासन में असमानता की खाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। वैश्विक असमानता सूचकांक में भारत इस वक्त दुनिया के 180 मुल्कों में 135वें स्थान पर है। यानी हमारे यहां 'आर्थिक विकास', 'ग्रोथ रेट' और तमाम तरह के कर–सुधारों का लाभ सबको नहीं मिल पा रहा है। कुछ लोग खूब तरक्की कर रहे हैं, जबकि बहुत सारे लोग बेहाल हो रहे हैं। इससे असमानता तेजी से बढ़ रही है। पता नहीं क्यों अपने देश के अमीर लोग इस स्थिति से तनिक भी विचलित नहीं नजर आते। वे क्यों नहीं सोचते कि दुनिया उन्हें 'भुक्खड़ों और बर्बाद लोगों के महादेश' का 'अमीर' मानती है? वे अपने इस निजी और राष्ट्रीय–अपमान से आहत क्यों नहीं होते? दुनिया का सर्वाधिक खुशहाल इलाका कहलाने वाले यूरोप में कौन–सा ऐसा देश होगा, जहां भारत की तरह सिर्फ 1 फीसदी लोग पूरे मुल्क की 58 फीसदी संपदा के मालिक हों और 10 फीसदी लोग देश की लगभग 80 फीसदी संपदा पर काबिज हों? इससे भारत में तेजी से बढ़ती गैर–बराबरी का अंदाजा अच्छी तरह लगाया जा सकता है, लेकिन हमारे योजनाकारों के लिये यह चिंता का सबब नहीं है। वहीं खुशहाल देश के निर्माण के लिए आमजन का उत्तम स्वास्थ्य एक अहम तत्व होने के बाद भी भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बेहाल है। हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का अंदाजा तो इस बात से हो जाता है कि देश में 14 लाख डॉक्टरों की कमी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के आधार पर जहां प्रति एक हजार आबादी पर एक डॉक्टर होना चाहिए। वहां भारत में सात हजार की आबादी पर एक डॉक्टर है। भारत स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बांग्लादेश, चीन, भूटान और श्रीलंका समेत अपने कई पड़ोसी देशों से पीछे हैं। इसका खुलासा शोध एजेंसी श्लैंसेटश ने अपने श्ग्लोबल बर्डेन ऑफ डिजीजश नामक अध्ययन में हुआ है। इसके अनुसार, भारत स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता व पहुंच के मामले में 195 देशों की सूची में 145वें स्थान पर हैं। विडंबना है कि आजादी के सात दशक बाद भी हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार नहीं हो सका हैं। सरकारी अस्पतालों का तो भगवान ही मालिक है ! दरअसल हमारे देश का संविधान समस्त नागरिकों को जीवन की रक्षा का अधिकार तो देता हैं लेकिन जमीनी हकीकत बिलकुल इसके विपरीत है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा की ऐसी लचर स्थिति है कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी व उत्तम सुविधाओं का अभाव होने के कारण मरीजों को अंतिम विकल्प के तौर पर निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता हैं। देश में स्वास्थ्य जैसी अतिमहत्वपूर्ण सेवाएं बिना किसी विजन व नीति के चल रही है। ऐसे हालातों मे गरीब के लिए इलाज करवाना अपनी पहुंच से बाहर होता जा रहा हैं। गौरतलब है कि हम स्वास्थ्य सेवाओं पर सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी को सबसे कम खर्च करने वाले देशों में शुमार हैं। आंकड़ों के मुताबिक, भारत स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का महज 1.3 प्रतिशत खर्च करता है, इस मामले में नेपाल और पाकिस्तान जैसे देशों से भी हम पीछे हैं, यह शर्म की बात है। विद्रूपताओं, समस्याओं, कुरीतियों, अंधविश्वास और अनेक भ्रम में जीने वाले भारतीय समाज को जब तक गरीबी, बेरोजगारी व कुपोषण की खाई से बाहर नहीं निकाला जाएगा तब तक हमारी खुशी केवल सरकारी कागजों का ही मौसम गुलाबी करती रहेगी। हमारे देश का भविष्य नंगा और भूखा यूं ही सड़कों पर कचरा बीनता रहेगा। आवयश्यकता अब देश में उदारीकृत नीतियां की नहीं बल्कि देश के हर पीड़ित, वंचित, शोषित जन का असल मायनों में उद्धार करने वाली नैतिकता की है। और यह नैतिकता सरकार, नौकरशाही और देश के हर आमजन के मन में रचे–बसे भ्रष्टाचार के दानव का अंत किये बगैर नहीं आएगी। देश के नेताओं को अब देश की दरिद्रता और बेबसी की पुकार सुनकर जगना ही होगा। केवल वायदों के लिए नहीं बल्कि देश की लड़खड़ाती नैया के खेवनहार बनकर आमजन को खुशी के घाट तक ले जाने के लिए आगे आना ही होगा।

# भारतीयों लोगों के भोजन में कम हो रही हैजिंक की मात्रा

जिंक सूक्ष्म पोषक तत्वों में शामिल एक प्रमुख घटक है जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। लेकिन, कुपोषण दूर करने के प्रयासों के बावजूद भारतीय आबादी के भोजन में जिंक की मात्रा लगातार कम हो रही है। भारतीय और अमेरिकी शोधकर्ताओं के एक नए अध्ययन में यह बात उभरकर आयी है। वर्ष 1983 में भारतीय लोगों के आहार में अपर्याप्त जिंक के सेवन की दर 17 प्रतिशत थी जो वर्ष 2012 में बढ़कर 25 प्रतिशत हो गई। इसका अर्थ है कि 1983 की तुलना में वर्ष 2012 में 8.2 करोड़ लोग जिंक की कमी का शिकार हुए हैं। जिंक के अपर्याप्त सेवन की दर चावल का ज्यादा उपभोग करने वाले दक्षिण भारतीय और पूर्वोत्तर राज्यों, जैसे– केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, मणिपुर और मेघालय में अधिक देखी गई है। इसके पीछे चावल में जिंक की कम मात्रा को जिम्मेदार बताया जा रहा है। जिंक शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसीलिए, जिंक के अपर्याप्त सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकते हैं। इसकी कमी से छोटे बच्चों के मलेरिया, निमोनिया और दस्त संबंधी बीमारियों से पीड़ित होने का खतरा रहता है।

जिंक उपभोग में यह गिरावट अस्सी के दशक से कुपोषण समाप्त करने के प्रयासों के बावजूद देखी गई है जो चिंताजनक है। इन प्रयासों में बच्चो में कुपोषण और एनिमिया की रोकथाम और बच्चों तथा माताओं में विटामिन–ए की कमी की दर को नियंत्रित करना शामिल है।

शोधकर्ताओं ने भारतीय आहार पैटर्न पर आधारित विस्तृत सर्वेक्षण आंकड़ों का उपयोग किया है ताकि यह अनुमान लगाया जा सके कि बदलते वातावरण में अपर्याप्त जिंक सेवन की दर कैसे बदल सकती है।

भोजन में जिंक की मात्रा कम होने का कारण भारतीय लोगों के आहार से जौ, बाजरा, चना जैसे मोटे अनाजों का गायब होना भी जिम्मेदार है। इसके अलावा, पैकेजिंग में मिलने वाले चोकर रहित आटे का उपयोग भी जिंक के अपर्याप्त सेवन से जुड़ा एक प्रमुख कारक है।

यह अध्ययन इंडियन इंस्टीट्यूट ऑप पब्लिक हेल्थ, नई दिल्ली, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस, हैदराबाद और अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय एवं हार्वर्ड टीएच चौन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकर्ताओं ने मिलकर किया है। अध्ययन शोध पत्रिका फूड ऐंड न्यूट्रिशन बुलेटिन में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि अत्यधिक मात्रा में कार्बन उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग फसलों में जिंक की मात्रा को प्रभावित कर सकती है। कार्बन डाइऑक्साइड का लगातार बढ़ता स्तर कुछ दशकों में 550 पीपीएम तक पहुंच सकता है, जिससे फसलों में जिंक की कमी हो सकती है। इसके साथ ही, खाद्य पदार्थों से कई महत्वपूर्ण पोषक तत्व और रेशे गायब हो सकते हैं। कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर स्टीवन डेविस, जो इस अध्ययन में शामिल नहीं थे, ने हाल में अपने अध्ययन में पाया है कि जीवाश्म ईंधन का दहन और कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा तो मानव जनित ग्लोबल वार्मिंग से पैदा भीषण सूखे और गर्मी के कारण जौ की फसल की पैदावार में तेजी से गिरावट हो सकती है।

इस शोध में यह भी रेखांकित किया गया है कि प्रजनन क्षमता में कमी के चलते भारत में जनसांख्यिकी बदलाव होने से बच्चों की अपेक्षा वयस्कों का अनुपात बढ़ा है। वयस्कों की जनसंख्या बढ़ने से औसत भारतीय के लिए जिंक की आवश्यकता पांच प्रतिशत बढ़ गई है क्योंकि वयस्कों को बच्चों की तुलना में अधिक जिंक की आवश्यकता होती है।

इस अध्ययन से जुड़े शोधकर्ता स्मिथ एम.आर.के मुताबिक "भारत पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक सुधार की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। लेकिन, भोजन में जिंक की मात्रा बढ़ाने की तरफ ध्यान देना पहले से ज्यादा जरूरी हो गया है।"

इस अध्ययन में स्मिथ एम.आर. के अलावा कोलंबिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ता रूथ डेफ्रीज, इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस के अश्विनी छत्रे और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ के मेयर्स एस.एस. शामिल हैं।

-सनी

## THIS MONTH

**May 21, 1991** - Former Indian Prime Minister Rajiv Gandhi was assassinated in the midst of a re-election campaign, killed by a bomb hidden in a bouquet of flowers. He had served as prime minister from 1984 to 1989, succeeding his mother, Indira Gandhi, who was assassinated in 1984.

*****

**May 1, 2004** - Eight former Communist nations and two Mediterranean countries joined the European Union (EU) marking its largest-ever expansion. The new members included Poland, Hungary, the Czech Republic, Slovakia, Slovenia, Lithuania, Latvia, Estonia, along with the island of Malta and the Greek portion of the island of Cyprus. They joined 15 countries already in the EU, representing in all 450 million persons.

*****

**May 2, 2011** - U.S. Special Operations Forces killed Osama bin Laden during a raid on his secret compound in Abbottabad, Pakistan. The raid marked the culmination of a decade-long manhunt for the elusive leader of the al-Qaeda terrorist organization based in the Middle East. Bin Laden had ordered the coordinated aerial attacks of September 11th, , in which four American passenger jets were hijacked then crashed, killing nearly 3,000 persons. Two jets had struck and subsequently collapsed the 110-story Twin Towers of the World Trade Center in York, while another struck the Pentagon building in Washington, D.C. A fourth jet also headed toward Washington had crashed into a field in

**Compilation:**
Honey Shah

## BASICS OF MEDIA

**Medium Requirements:** All content elements, production elements, and people needed to generate the defined process message.

*****

**Process Message:** The message actually received by the viewer in the process of watching a television program.

*****

**Teleprompter:** A prompting device that projects the moving (usually computer-generated) copy over the lens so that the talent can read it without losing eye contact with the viewer. Also called auto cue.

*****

**Production Schedule:** The calendar that shows the reproduction, production, and postproduction dates and who is doing what, when, and where.

*****

**Program Proposal:** Written document that outlines the process message and the major aspects of a television presentation.

*****

**Treatment:** Brief narrative description of a television program.

*****

To Be Continued In Next Issue-

**Compilation:**
Rahul Mittal

# What does Indian PM Narendra Modi's reelection mean for regional rivals?

**Indian Prime Minister Narendra Modi has been reelected with an even bigger mandate than in 2014. Should China and Pakistan be worried about the future of relations with India under an emboldened Modi?**

Many people in Pakistan were hoping that the Hindu nationalist Bharatiya Janata Party (BJP), headed by Prime Minister Narendra Modi, would not return to power after the mammoth general elections that concluded on Thursday. There was a sense in Muslim-majority Pakistan that Modi's return would not augur well for ties between the two neighboring countries, as Modi in his first term had taken an aggressive stance against Islamabad. So the disappointment over Modi's resounding election victory was quite natural.

"Modi and his party believe in a Hindu nationalist philosophy, which is essentially anti-Muslim and anti-Pakistan," Bakare Najimdeen from the Islamabad-based Center for International Peace and Stability, told DW. "He managed to secure another term by raising national security slogans and he promised to continue with his tough line against Pakistan. So I do not think that he will change his policy toward Pakistan." Pakistani Prime Minister Imran Khan, however, is hopeful that Modi's reelection would be helpful for the peace process between the two South Asian rivals. He believes that a powerful government in New Delhi can take strong decisions to resolve longstanding issues between India and Pakistan. The two nations came close to a full-scale war in February after militants in India-administered Kashmir killed scores of paramilitary forces. Modi, like his predecessors, blamed Pakistani militants for the attack, but he went a step further and launched an airstrike against a "militant camp" on Pakistani soil. Modi used the "surgical strikes" against Pakistan in his election campaign, trying to convince voters that he has what it takes to curb alleged Pakistani terror. But was it just election rhetoric, or will Modi now be flexible with Pakistan, considering he has been reelected prime minister with a bigger electoral mandate?

"BJP governments have reached out to Pakistan in the past. In 1999, former prime minister and BJP leader Atal Bihari Vajpayee signed the so-called Lahore Declaration with former premier Nawaz Sharif. So it wouldn't surprise me if Modi goes for peace again,"

In 2014, Modi invited former Pakistani Prime Minister Nawaz Sharif to his inauguration, where the two leaders shook hands and pledged to improve bilateral ties. India-Pakistan relations remained stable until Sharif was ousted by the Supreme Court in a corruption case. Some analysts say that the Pakistani army was unhappy with Sharif's closeness to Modi and the former prime minister's insistence on a decisive action against jihadis. "Much depends on Pakistan's willingness and ability to curtail cross-border attacks conducted by terrorists operating from Pakistani soil," Wolf said, adding that for good ties with New Delhi, Islamabad will have to cut ties with radical Islamist organizations and clerics who spread anti-Indian sentiments in the country.

Wolf, however, believes that Modi's reelection is a good omen for Pakistani Islamists, as they can now strengthen their "enemy India" narrative.

**Modi and Kashmir**

The main bone of contention between India and Pakistan remains the Kashmir dispute. Since 1989, Muslim insurgents have been fighting Indian forces in the Indian-administered part of Kashmir a region of 12 million people, about 70% of whom are Muslim. India and Pakistan have fought two of their three wars since independence in 1947 over Kashmir, which they both claim in full but rule in part. Modi and BJP are unlikely to budge on Kashmir. The Indian prime minister took a hard line in Kashmir during his first term, and experts say that his more powerful second term would be even stricter."After the landslide victory in elections, the BJP is unlikely to give any space to Pakistan on Kashmir," Talat Bhat, a Sweden-based documentary filmmaker and Kashmiri activist, told DW. "Much also depends how Indian security forces operate in Kashmir. Will Modi, in his second term, give some political space to Kashmiris for peaceful dissent? Or will he use the same aggressive strategy that has resulted in more violence in the valley? We'll find out," Bhat added. But analyst Wolf is of the view that Modi's domestic policies in Kashmir will largely be determined by Pakistan's role in the Himalayan region. "Let's not forget that after every major Indian peace gesture toward Pakistan, militants launched attacks in Kashmir or other parts of India. Any rapprochement between New Delhi and Islamabad would only be possible if Pakistan makes serious efforts to build confidence."

**Ties with Afghanistan**

Indian and Pakistani interests also clash in Afghanistan. Security experts say that Islamabad is wary of New Delhi's closeness with Kabul and considers it a big threat. Since the US ousted the Taliban regime in 2001, Afghanistan has drifted away from Pakistani influence and moved closer to India. Although, Washington is now trying to use Islamabad's services to convince the Taliban to agree to a settlement, the US-Afghanistan-India nexus remains strong.

"I think that ties between Afghanistan and India will be even stronger during Modi's second term. Afghan President Ashraf Ghani was one of the first world leaders to congratulate Modi on his victory, and the Indian premier assured Ghani that New Delhi will continue to support the Afghan government and the Afghan people," Javed Hamim Kakar, an editor at Pajhwok Afghan News, told DW.

Michael Kugelman, a South Asia expert at the Washington-based Woodrow Wilson International Center for Scholars, also thinks that Modi will continue his close partnership with Kabul. "There is strong support across the foreign policy elite in India for close ties with Afghanistan, and that consensus will continue with the return of Modi," Kugelman told DW.

"India's policy in Afghanistan is meant to strengthen Kabul and put the Afghan state in a better position to fend off the Pakistan-sponsored Taliban. That said, even a hardliner like Modi has been and will continue to be cautious in Afghanistan so as not to provoke Islamabad. This means that we shouldn't expect Modi in his second term to put Indian boots on the ground in Afghanistan," Kugelman underlined. Apart from geopolitics, does Modi's Hindu nationalist credentials and alleged anti-Muslim stance anger traditional Afghans Afghan journalist Kakar says Modi is very popular among Afghans, especially because of his tough approach toward Pakistan. Many Afghans accuse Pakistan of backing militant Islamists in their country."Just see how Afghans expressed their joy over Modi's victory on social media," he added. Analyst Kugelman also believes that Modi's nationalistic politics are not a concern for Afghans. "These politics may be divisive and discriminatory toward Muslims, but they are not directed at Afghans. In fact Modi's Hindu nationalistic politics are helpful for Kabul's interests as they emphasize a hard line policy toward Pakistan-a policy that enjoys robust support in Kabul."

**Controlled relations with Beijing**

Islamabad-based expert Najimdeen said that Pakistan's closeness to China would remain a matter of concern for Modi.

Beijing's support for Islamabad in many international forums has angered New Delhi, but analyst Wolf said that Modi would not let these issues hamper India's overall relations with China. “Both India and China are not interested in confrontation. But apart from trade and investment, the opportunities for bilateral cooperation will remain limited during Modi's second term," said the expert.

Wolf sees the border conflicts, India's refusal to participate in Belt and Road Initiative (BRI) and US-China tensions as major stumbling blocks in close China-India ties during Narendra Modi's second term in office.

*-Shreyansh Singh*

## इतिहास में 27 मई

27 मई 1964 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आखिरी सांस ली. नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता माना जाता है.


जवाहरलाल नेहरू का निधन अचानक ही हुआ. नेहरू पहाड़ों पर छुट्टियां बिता कर लौटे थे. नई दिल्ली में उन्हें सुबह सीने में दर्द की शिकायत हुई. डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका. निधन के वक्त नेहरू की बेटी इंदिरा गांधी सिराहने पर मौजूद थी. नेहरू के निधन की जानकारी केंद्रीय मंत्री सी सुब्रमणियम ने सार्वजनिक की. राज्य सभा में रुआंसे गले से उन्होंने कहा 'प्रकाश नहीं रहा'।

भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के धुर आलोचक भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि वे महान लोकतांत्रिक मूल्यों वाले नेता थे. नेहरू ने तमाम मुश्किलें उठाकर धर्मनिरपेक्ष ढांचे की नींव रखी और उसकी पूरी शक्ति से हिफाजत भी की. संसद में आलोचना करने वालों की भी वो पीठ थप –थपाया करते थे।

नेहरू के करिश्माई नेतृत्व के कायल दुनिया भर के कई नेता रहे । इन्हीं में से एक थे सोवियत संघ के पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव. गोर्बाचोव जब छात्र थे, तब वो कॉलेज बंक कर नेहरू का भाषण सुनने गए. मिखाइल गोर्बाचोव ने ही पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के एकीकरण में निर्णायक भूमिका निभाई।

अमेरिका और सोवियत संघ के बीच छिड़े शीत युद्ध के कारण नेहरू ने गुट निरपेक्ष आंदोलन की भी शुरुआत की. वो चाहते थे कि दुनिया लोकतांत्रिक रहे, दो ध्रुवों में न बंट जाए. नेहरू के कार्यकाल में भारत में अच्छी शिक्षा वाले कॉलेज खुले. गांवों और कस्बों के विकास में स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए पॉलीटेक्निक, आईआईटी और आईआईएम जैसे कॉलेज खोले गए।

कई विश्लेषकों के मुताबिक नेहरू ने वह कर दिखाया जो पाकिस्तान में मोहम्मद अली जिन्ना नहीं कर सके. नेहरू ने भारत को किसी दूसरे देश पर निर्भर होने के बजाए अपने पैरों पर खड़े होने का आत्मविश्वास दिया।



# बीजेपी के सामने क्यों फ्लाप हुआ सपा-बसपा गठबंधन

कयास लगाए जा रहे थे कि उत्तर प्रदेश में सपा–बसपा गठबंधन बीजेपी को नुकसान पहुंचा सकता है. लेकिन नतीजों को देखकर तो ऐसा लगता है कि नुकसान तो दूर गठबंधन बीजेपी को चुनावी मुकाबले में कड़ी टक्कर भी नहीं दे सका

लोकसभा चुनाव में ये माना जा रहा था कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) का गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देगा. साथ ही ये गठबंधन शायद बीजेपी को काफी नुकसान भी पहुंचा दे. लेकिन टक्कर देना तो दूर कई जगह तो ये गठबंधन ठीक से मुकाबले में भी नहीं दिखा. ऐसे में ये सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ और इन पार्टियों की सोशल इंजीनियरिंग इन चुनावों में क्यों काम नहीं कर सकी.

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पहचान मुख्य रूप से पिछड़ी जातियों का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी के रूप में होती है. वहीं बहुजन समाज पार्टी दलितों की पार्टी के रूप में जानी जाती है. ऐसा भी नहीं है कि इन दलों में दूसरे समुदाय के लोग नहीं हैं या फिर अन्य समुदाय के वोट इन्हें नहीं मिलते हैं लेकिन सालों से इनका पारंपरिक वोट बैंक यही समुदाय रहे हैं. बाकी समुदायों का प्रतिनिधित्व और निष्ठा देश, काल और परिस्थिति पर ही निर्भर होती है.

जहां तक गठबंधन का सवाल है तो सपा और बसपा इस उम्मीद में साथ आई थीं कि उन्हें पिछड़ी और दलित जातियों के वोट के साथ यदि अल्पसंख्यकों यानी मुस्लिमों का एकतरफा वोट मिल गया तो पूरे राज्य में राजनीतिक समीकरण इस तरह के हो जाएंगे कि बीजेपी समेत कोई और पार्टी कहीं मुकाबले में ही नहीं दिखेगी. साल 2014 के लोकसभा चुनाव, 2017 के विधान सभा चुनाव में ये आंकड़े भी कुछ ऐसा ही कह रहे थे और इन पर मुहर लगा दी पिछले साल हुए फूलपुर, गोरखपुर और कैराना लोकसभा के उपचुनावों ने. लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में जातियों का यह समीकरण सीटों में तब्दील नहीं हो सका.

उत्तर प्रदेश में दलित और पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी करीब 60 फीसदी है. वहीं ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि सभी दलित और सभी पिछड़ी जातियां इन्हीं पार्टियों के प्रति निष्ठा रखती हों. बावजूद इसके यादव समुदाय समाजवादी पार्टी का कोर वोटर समझा जाता है और दलितों में जाटव समुदाय बहुजन समाज पार्टी का कोर वोटर माना जाता है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सीमित जाट समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाली राष्ट्रीय लोकदल भी इस गठबंधन में शामिल थी. इनके साथ यदि मुस्लिमों की आबादी के प्रतिशत को भी जोड़ दिया जाए तो ये करीब पचास प्रतिशत बैठता है.

इसी आंकड़े के साथ गठबंधन के नेता राज्य में लोकसभा की 80 में से कम से कम 60 सीटें जीतने का अनुमान लगाए बैठे थे लेकिन जब परिणाम आए तो गठबंधन को महज 15 सीटों पर संतोष करना पड़ा. इनमें भी समाजवादी पार्टी तो महज पांच सीटों पर ही सिमट गई और बसपा के खाते में दस सीटें गईं. बीजेपी को 62 सीटें और उसकी सहयोगी अपना दल को दो सीटें मिलीं. रायबरेली की एकमात्र सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर सोनिया गांधी को जीत हासिल हुई.

सपा और बसपा अपने वोट बैंक को एक–दूसरे को दिलाने में नाकाम रहीं, बसपा नेता मायावती को अब तक माना जाता था कि वो अपना वोट बैंक कहीं भी ट्रांसफर कर सकती हैं लेकिन इस बार यह भ्रम टूट गया.ष उन्होंने बताया कि सपा का वोट भी हर जगह बसपा को नहीं गया. जहां समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार नहीं थे, वहां यादवों ने बीजेपी को वोट दिया हैष् जाटवों ने भी हर जगह गठबंधन को वोट नहीं दिया क्योंकि यदि दिया होता तो शायद ये परिणाम ना आते क्योंकि मुस्लिमों का एकतरफा वोट गठबंधन को ही गया है"

पिछले साल उपचुनाव में सफलता पाने के बाद सपा और बसपा एक दूसरे के काफी करीब आए और ये नजदीकी राजनीतिक गठबंधन में बदल गई. संयुक्त रैलियां की गईं और मतदाताओं को ये संदेश देने की कोशिश की गई कि 25 साल की राजनीतिक और व्यक्तिगत दुश्मनी अब खत्म हो गई है. लेकिन शायद मतदाता इस संदेश को नहीं ले सके या फिर उन्होंने इसे लेने से इनकार कर दिया.

वरिष्ठ पत्रकार अमिता वर्मा कहती हैं, ष्सपा और बसपा ने ऊपरी तौर पर तो गठबंधन कर लिया, नेताओं के दिल मिल गए, आपसी झगड़े भी खत्म हो गए लेकिन जमीनी कार्यकर्ता इस मिलन को पचा नहीं पाया." वर्मा कहती हैं कि दलित समुदाय के लोगों की जमीनी स्तर पर सबसे ज्यादा अदावत यादव समुदाय के लोगों से ही होती है, बाकी कथित ऊंची जातियां भले ही ज्यादा बदनाम हों. ऐसे में यादवों और जाटवों ने कोशिश भले ही की साथ आने की लेकिन पूरी तरह से साथ आ नहीं पाए.

वहीं दूसरी ओर, बीजेपी ने गैर यादव पिछड़ों को लामबंद करने की पूरी कोशिश की तो दूसरी ओर दलितों को भी अपनी ओर करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. इसके लिए उसने पहले तो इनके जातीय क्षत्रपों की एक फौज तैयार की, उनके महापुरुषों का महिमामंडन किया और फिर जातीय आधार पर बनीं कुछ पार्टियों के साथ तालमेल किया. इन सबके अलावा उज्ज्वला योजना, दो हजार रुपये, आवास और शौचालय जैसी योजनाओं के जरिए लोगों का दिल जीतने का प्रयास किया और सफल रहे.

यही नहीं, प्रचार–प्रसार के लिए भी बीजेपी ने जिस आक्रामक रणनीति को अपनाया, गठबंधन में वो कहीं नहीं दिख रही थी. पहले चरण के मतदान से कुछ समय पहले दोनों दलों की पहली संयुक्त रैली हुई जबकि उस वक्त तक नरेंद्र मोदी और अमित शाह यूपी में दर्जनों बैठकें कर चुके थे. बसपा नेता मायावती तो यूपी की बजाय अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार में व्यस्त थीं और कमोवेश यही हाल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का था.

इन सबके अलावा, समाजवादी पार्टी में विभाजन का खामियाजा भी न सिर्फ समाजवादी पार्टी को भुगतना पड़ा बल्कि बसपा भी उसकी भुक्तभोगी बनी. यादव लैंड के रूप में समझे जाने वाले इटावा और उसके आस–पास की तमाम सीटों पर बीजेपी की जीत हुई और इन सभी जगहों पर शिवपाल यादव की पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे थे. जाहिर है, इन उम्मीदवारों के सारे वोट केवल और केवल गठबंधन के थे. खुद यादव परिवार के तीन अहम सदस्य– डिंपल यादव कन्नौज से, धर्मेंद्र यादव बदायूं से, अक्षय यादव फिरोजबाद से चुनाव हार गए. चुनाव परिणाम के बाद वोटों के जो आंकड़े आ रहे हैं उनसे साफ है कि बीजेपी को न सिर्फ उसके परंपरागत वोटरों ने वोट दिया बल्कि पिछड़ी जातियों और दलितों का भी एक बड़ा हिस्सा उसके साथ खड़ा हुआ. सुभाष मिश्र यह भी कहते हैं कि कुछ लोग तो गठबंधन की प्रतिक्रिया में बीजेपी की ओर चले गए।

इस बीच ये सवाल भी है कि अगर कांग्रेस गठबंधन में शामिल होती तो शायद नतीजे कुछ और होते? आंकड़ों पर गौर करें तो ऐसा लगता नहीं है. सपा को 17 फीसदी, बसपा को 19 फीसदी और कांग्रेस को मिले तकरीबन सात फीसदी वोटों को यदि मिला भी दिया जाए तो ये बीजेपी को मिले करीब 49 प्रतिशत मतों से काफी कम है. हालांकि कुछ ऐसी सीटें ऐसी जरूर रहीं जहां कांग्रेस पार्टी को मिले मतों की संख्या गठबंधन के उम्मीदवारों की हार के फासले से ज्यादा रही. निश्चित ही इन जगहों पर कांग्रेस पार्टी के साथ रहने का फायदा गठबंधन को मिल सकता था लेकिन ऐसी सीटें महज आठ से दस हैं. हालांकि अमिता वर्मा कहती हैं कि इन परिणाम के आधार पर इसका आकलन नहीं होना चाहिए. उनके मुताबिक, कांग्रेस पार्टी भी यदि गठबंधन में होती तो निश्चित तौर पर गठबंधन बहुत अच्छा प्रदर्शन करता. जहां तक गठबंधन में कांग्रेस के शामिल होने का सवाल है, तो इसकी कोशिशें शुरू से ही इसलिए हो रही थीं ताकि मुस्लिम वोटों में बँटवारे को रोका जा सके. चुनावी आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो मुस्लिम वोट कांग्रेस को शायद ही किसी सीट पर एकतरफा पड़े हों. यहां तक कि कांग्रेस को इतने वोट भी नहीं पड़े कि वो किसी तरह मुकाबले में आती या फिर गठबंधन की राह रोक देती. लेकिन कई सीटें ऐसी जरूर हैं जहां सपा और बसपा के वोट ही ट्रांसफर हुए नहीं लगते. सुभाष मिश्र इस संदर्भ में संतकबीर नगर और भदोही सीट का उदाहरण देते हैं जहां दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण वोट मिलने के बावजूद गठबंधन उम्मीदवार की हार हो गई. मिश्र के मुताबिक, ष्कांग्रेस ने यादव उम्मीदवारों को टिकट दिया और यादवों का वोट गठबंधन की बजाय कांग्रेस और बीजेपी को चला गया. यादवों ने यदि वोट दिया होता तो गठबंधन उम्मीदवार के हारने की कोई वजह ही नहीं थी."बहरहाल, इन परिणामों से ये तो तय हो गया है कि सामाजिक समीकरणों को चाहे जितना बिठाने की कोशिश की जाए, राजनीति में ये गणित के जोड़ की तरह परिणाम नहीं दे सकते.

रोहित रावत

# IMPORTANT QUOTES

"I do not consider it an insult, but rather a compliment to be called an agnostic. I do not pretend to know where many ignorant men are sure -- that is all that agnosticism means."

***- Clarence Darrow***

*****

"Obstacles are those frightful things you see when you take your eyes off your goal."

***- Henry Ford***

*****

"I'll sleep when I'm dead."

***- Warren Zevon***

*****

"There are people in the world so hungry, that God cannot appear to them except in the form of bread."

***- Mahatma Gandhi***

*****

**Compilation:**
Priya Kumari

# WINNERS v/s LOOSERS Part-90

Winners choose what they say;
Losers say what they choose.

*****

Winners truly believe;
Losers only hope.

*****

Winners are always part of the solution;
Losers are always part of the problem.

*****

Winners have a mission;
Losers have excuses.

*****

Winners maximize their strengths;
Losers dwell on their weaknesses.

*To Be Continued In Next Issue-*

**Compilation:**
Rahul Mittal

# परेशानियों में भी जारी रहेगी शिक्षा, एचडीएफसी दे रहा है स्कालरशिप

एचडीएफसी बैंक द्वारा आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे भारतीय मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। "एचडीएफसी बैंक एजुकेशनल क्राइसिस स्कॉलरशिप सपोर्ट 2019" के तहत ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी पारिवारिक संकट के चलते अपनी शिक्षा बीच में ही छोड़ने को मजबूर हैं वे इस स्कॉलरशिप की सहायता से अपनी शिक्षा जारी रख सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूल, कॉलेजों से स्टूडेंट्स का ड्रापआउट रेशो कम करना है। अनाथ, दिव्यांग, एकल अभिभावक या परिवार में कमाने वाले व्यक्ति जो किसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो, उनकी नौकरी चली गई हो, बिजनेस ठप्प हो चुका हो, पिछले तीन वर्ष या इससे कम समय में कमाने वाले परिजन की मृत्यु हो गई हो, ऐसे सभी विद्यार्थी छात्रवृति हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस स्कॉलरशिप का लाभ एक परिवार से केवल एक ही विद्यार्थी को मिलेगा। मानदंड इस प्रकार हैं – आवेदक सरकारी, सरकार से सहायता प्राप्त या प्राइवेट स्कूल के छठी से 12वीं कक्षा तक का विद्यार्थी हो या मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी–कॉलेज से ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन, पीएचडी, आईटीआई, डिप्लोमा या पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा हो। – पिछले तीन वर्षों में स्वयं के या पारिवारिक संकट के चलते शिक्षा जारी रख पाने में असमर्थ हो।

**महत्वपूर्ण बिंदु:–** इस स्कॉलरशिप के लिए बताए जा रहे निम्नलिखित दस्तावेजो का होना अनिवार्य है।

– पिछली कक्षा की अंकसूची

– एड्रेस प्रूफ, वर्तमान वर्ष का शैक्षिक दाखिला प्रमाण,शिक्षण संस्थान की बैंक डिटेल ,आय प्रमाण–पत्र, जिस भी परेशानी का सामना कर रहे हैं उसका प्रमाण।

**लाभ–ईनाम**

10,000 रुपये वार्षिक तक की स्कूल की फीस और 25,000 रुपये वार्षिक तक की फीस ग्रेजुएशन, पीजी, आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों के संस्थानों को सीधे अदा की जाएगी।

अंतिम तिथि इच्छुक सभी उम्मीदवार 15 जून, 2019 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कैसे क इस स्कॉलरशिप के लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए आप निम्नलिखित वेबसाइट पर जाकर प्रक्रिया फॉलो कर सकते हैं।

*https://www-buddy4study-com/scholarship/hdfc&educational&crisis&scholarship&20192019*

**Vol.** 14 **No.** 5
**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598
**Publisher:** Ram Kailsah Gupta on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5
**Editor:** Rahul Mittal,Bal Krishna Mishra responsible for selection of News under PRB Act. All rights reserved.